दिनांक 28 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

वृक्षारोपण के लिए शुरू होगा महाअभियान, जन सहभागिता से होगा वृक्षारोपण, स्मार्ट भिलाई ऐप से होगी निगरानी, सराहनीय कार्य करने वाले को मिलेगा पुरस्कार

भिलाईनगर/महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने आगामी वर्षा ऋतु में किए जाने वाले वृक्षारोपण को लेकर जन सहभागिता को जोड़ते हुए अभियान चलाने के निर्देश दिए है! जिस पर आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने समस्त जोन आयुक्त एवं विभागीय अधिकारियों को आगामी वृक्षारोपण के लिए कार्य योजना तैयार करने के के लिए आदेशित किया है! स्मार्ट एप भिलाई जिसमें नगर पालिक निगम भिलाई से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एकत्रित है इसे वृक्षारोपण के लिए अपडेट करने का कार्य भी किया जा रहा है! इस ऐप में निगम से जुड़े विभागों के कार्यों को सम्मिलित किया गया है जिसमें आयुक्त महोदय द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण संदेश , नागरिक ऑनलाइन सेवाएं जिसमें आवेदन कैसे करना है आदि से संबंधित जानकारियां मौजूद है इसके अतिरिक्त विभाग के वेबसाइट , संपत्ति कर भुगतान के संबंध में जानकारियां एवं ऐप के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है का विवरण, नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण फार्म , निगम द्वारा दिए गए संदेश , दैनिक समाचार से संबंधित जानकारियां, वृक्षारोपण विस्तार स्वरूप एवं वाटर हार्वेस्टिंग से जुड़ी जानकारियां इस ऐप में मौजूद हैं! वृक्षारोपण के लिए जन सहभागिता को नकारा नहीं जा सकता क्योंकि विभिन्न स्थलों में पौधे लगाने के साथ उसकी सुरक्षा एवं बच्चों की तरह देखभाल करना 3 से 4 वर्ष तक आवश्यक होता है तभी पौधे वृक्ष का रूप धारण करते हैं शुरुआती दौर में पौधों को समय पर पानी देना आवश्यक होता है जिसके पश्चात कुछ वर्षों बाद वृक्ष रूप में परिवर्तित होने पर वृक्ष की जड़ भूगर्भ से स्वयं पानी ग्रहण कर लेते हैं! निगम द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगाए गए पौधों को बचाने की कयावद जारी है पौधों के जड़ों के पास थाला बनाकर उसमें खाद डालने सहित पानी बचाने के लिए वेस्ट मटेरियल के माध्यम से भी सिंचाई की जा रही है जिसका नतीजा यह है कि विगत वर्षों में तीन दर्शन मंदिर के पास, कैंप एरिया साइफन तालाब , दुर्गा मंदिर स्कूल के समीप , फरीदनगर स्कूल एवं तालाब , उत्कल उद्यान, भिलाई नगर रेलवे स्टेशन शौचालय के समीप , 66 एम.एल.डी. कैंपस, अंडा चौक समुदायिक भवन के कैंपस आदि में लगाए गए पौधे वृक्ष का रूप धारण कर रहे हैं! परंतु जन सहभागिता से यदि कार्य किया जाए तो निश्चित रूप से भिलाई के सभी क्षेत्रों में हरियाली छा जाएगी , क्योंकि सभी अपने घरों के समीप पौधे लगाएंगे और उसकी देखभाल से वे स्वयं करेंगे , आयुक्त महोदय ने भवन अनुज्ञा शाखा को निर्देशित किया है कि भवन अनुज्ञा लेने के लिए अनिवार्य रूप से 5 वृक्ष लगाए जाने का निरीक्षण करें, वृक्षारोपण केवल गमलों में लगाकर दिखावा ना हो!

जनभागीदारी के माध्यम से लगभग 2 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है , पौधे लगाने के लिए स्मार्ट भिलाई एप को प्ले स्टोर में जाकर इंस्टॉल करना होगा जिसमें मोबाइल नंबर डालने पर ओटीपी प्राप्त होगा जिसे डालने के पश्चात मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड हो जाएगा इस ऐप में वृक्षारोपण का आईकॉन अलग से प्रदर्शित होता है जिसको क्लिक करने पर वृक्षारोपण करने के पश्चात फोटो एवं विवरण अपलोड किया जा सकेगा जिसमें जी.पी.एस. लोकेशन को ट्रैक किया जा सकेगा, जिसकी मॉनिटरिंग स्मार्ट भिलाई एप को संचालित करने वाले एवं डाटा सेंटर के अधिकारी

कर्मचारी करेंगे, अच्छे व सराहनीय कार्य करने वाले को 15 अगस्त को पुरस्कृत किया जाएगा ! पौधे बड़े होने के पश्चात उसी पौधों के साथ पुन: अगले वर्ष 26 जनवरी के पूर्व फोटो एवं विवरण एप में अपलोड करना होगा जिनमें से पौधों को जीवित रखने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा इसी प्रकार से 3 से 4 वर्षों तक अच्छे कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाता रहेगा जब तक पौधे वृक्ष का रूप धारण न कर ले, पुरस्कार पाने के लिए पौधे स्वयं के व्यय पर लेकर लगाना होगा, सुरक्षा एवं संरक्षण की जिम्मेदारी भी स्वयं करनी होगी , प्रति व्यक्ति कम से कम पांच पौधे लगाने होंगे इस मुहिम के लिए स्मार्ट भिलाई एप को अपडेट करने का कार्य किया जा रहा है!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!